# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली--

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-04.05.2025**

**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा 02 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया डी0जे0 का सामान बरामदः-**

ज्ञात हो दिनाँक 30.04.2025 की रात्रि में श्री सचिन कुमार पुत्र श्री राम सिंह निवासी मौहल्ला अस्पताल कालोनी थाना थानाभवन जनपद शामली के गोदाम से अभियुक्तगण द्वारा डी0जे0 का सामान चोरी कर लिया गया था। घटना के सम्बन्ध में वादी श्री सचिन की तहरीर के आधार पर नामजद अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 04.05.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग व चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा 02 चोरो को चोरी किये गये सामान सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.अंकित पुत्र जयभगवान निवासी मौहल्ला मैम्बरान राजा की मोरी थाना थानाभवन जनपद शामली।

2.निखिल पुत्र सन्तराम निवासी मौहल्ला काशीराम थाना थानाभवन जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.चोरी की गई 04 अदद हाईस (डी0जे0 का सामान)।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मण्डावर में जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त डण्डा बरामद।**

ज्ञात हो कि दिनांक 27.04.2025 को हाशिम पुत्र अब्बास निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली पर अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर घर में घुसकर, गाली गलौच कर जानलेवा हमला किया गया था। घटना के सम्बन्ध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त घटना को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली ने अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कैराना को निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनाँक 04.05.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मण्डावर में अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर घर में घुसकर, गाली गलौच कर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त डण्डा गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1.जानसार पुत्र जीजू निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.घटना में प्रयुक्त डण्डा बरामद।



**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा सट्टा लगाते हुए 02 जुआरी गिरफ्तार, कब्जे से नकदी, पर्चा सट्टा, पैन बरामदः-**

आज दिनांक 04.05.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर 02 जुआरी को सट्टा लगाते हुये पर्चा सट्टा, पैन, व 3,140/- रुपये की नगदी सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.अंकित पुत्र धर्मपाल निवासी मौहल्ला शहगाजीपुर कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन जनपद शामली।

2.इसरार पुत्र मुस्ताक निवासी मौहल्ला शहगाजीपुर कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.दो पर्चा सट्टा, दो पैन, व 3,140 रुपये नगद।



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध चाकू बरामदः-**

आज दिनांक 04.05.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है, जिसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.अंकित पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम पिण्डौरा थाना झिंझाना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.एक अदद अवैध चाकू।



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 10 लीटर कच्ची शराब बरामदः-**

दिनांक 03.05.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को अवैध 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.अजय पुत्र सुभाष निवासी ग्राम पिण्डौरा थाना झिंझाना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 10 लीटर कच्ची शराब।



**<u>थाना कैराना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करी में वांछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्ता गिरफ्तार, कब्जे से अवैध स्मैक व इलैक्ट्रॉनिक कांटाः-</u>**

आज दिनांक 04.05.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करी में वांछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्ता को अवैध 15 ग्राम स्मैक व इलैक्ट्रानिक कांटा सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त अभियुक्त सरवर को दिनाँक 10.03.2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः</u>**

1.श्रीमती रेश्मा पत्नी फुरकान निवासी मौहल्ला आर्यपुरी थाना कैराना जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.अवैध 15 ग्राम स्मैक।

2.इलैक्ट्रॉनिक कांटा।

**<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्ता उपरोक्तः-</u>**

1.मु0अ0सं0 689/2016 धारा 386/120बी भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

2.मु0अ0सं0 287/2017 धारा 386/120बी भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

3.मु0अ0सं0 607/2022 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना कैराना जनपद शामली।

4.मु0अ0सं0 640/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना कैराना जनपद शामली।

5.मु0अ0सं0 126/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना कैराना जनपद शामली।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 04.05.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कैराना पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.राजेश पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम पावंटी कलां थाना कैराना जनपद शामली।



**थाना कांधला पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना क्षेत्रान्तर्गत कैराना बस स्टैण्ड स्थित होटल पर खाना खाते समय होटल संचालक द्वारा जानलेवा हमला कर घायल करने के मामले में वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो कि दिनाँक 03.05.2025 की रात्रि में थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत कैराना बस स्टैण्ड स्थित होटल पर मनव्वर पुत्र शमशेर व आरिफ पुत्र रियासत निवासीगण मौहल्ला गुजरान थाना कांधला जनपद शामली होटल पर खाना खा रहे थे। होटल संचालक/कर्मचारी से सलाद मांगने पर होटल संचालक/कर्मचारी साहिल पुत्र इरफान व शाहरुख पुत्र इरफान व आबिद पुत्र शकूर निवासीगण मौहल्ला शेखजादगान थाना कांधला जनपद शामली द्वारा अभद्रता करते हुये कौंचे से जानलेवा हमला करने व कढाई से गर्म तेल मनव्वर, आरिफ पर डाल देने के सम्बन्ध में मनव्वर उपरोक्त के भाई मुबारिक पुत्र श्मशीर निवासी मौहल्ला गुजरान थाना कांधला जनपद शामली ने आज दिनाँक 04.05.2025 को थाना कांधला पर तहरीर दी गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनाँक 04.05.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना क्षेत्रान्तर्गत कैराना बस स्टैण्ड स्थित होटल पर खाना खाते समय होटल संचालक द्वारा जानलेवा हमला कर घायल करने के मामले में वांछित 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी है। शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

**नाम व पता अभियुक्तगणः-**

1.शाहरुख पुत्र इरफान निवासी मौहल्ला शेखजादगान थाना कांधला जनपद शामली।

2.आबिद पुत्र शकूर निवासी मौहल्ला शेखजादगान थाना कांधला जनपद शामली।




SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI